# 2018

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं : क, ख, ग, घ।
2. प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।
4. उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

### खण्ड – क

### (वाचन – 10 अंक)

1. सोरठा छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए । 2

2. मुख कमल जैसा सुन्दर है । 2

   उपर्युक्त उदाहरण में कौन-सा अलंकार निहित है, समझाइए ।

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 3 से 6 तक के उत्तर *एक-एक* शब्द या शब्द-समूह या वाक्य में लिखिए –

3. 'श्लेष' अलंकार की परिभाषा लिखिए । 1

4. 'दोहा' छंद का एक उदाहरण लिखिए । 1

5. 'गद्य' और 'पद्य' में क्या अंतर है ? 1

6. 'रूपक' अलंकार का एक उदाहरण दीजिए । 1

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 7 और 8 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्णों को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

7. सबसे मिलकर रह मन ! बैर बिसार । 1

दुर्लभ नर-तन पाकर कर उपकार ।

उपर्युक्त पद में निहित छंद का नाम क्या है ?

(क) गीतिका (ख) दोहा

(ग) बरवै (घ) सोरठा

8. 'गया गया गया' 1

– उपर्युक्त पंक्ति में निहित अलंकार का नाम क्या है ?

(क) श्लेष (ख) व्यतिरेक

(ग) यमक (घ) रूपक

## खण्ड – ख
## (लेखन – 15 अंक)

9. मान लीजिए कि आप 'क' स्कूल के सेक्रेटरी हैं । आपके स्कूल में एक चपरासी का पद खाली है । इस पद के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमन्त्रित करते हुए एक विज्ञापन लिखिए । 8

10. मान लीजिए कि आप 'क' नामक दैनिक समाचार-पत्र के रिपोर्टर हैं । आपको लगा कि इस साल मणिपुर में अत्यधिक बारिश होने के कारण आम-जनता को बहुत नुकसान हो गया है । इस संबंध में अखबार में छपाने लायक एक समाचार-लेख लिखिए । 7

## खण्ड – ग

**(व्याकरण – 15 अंक)**

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 11 और 12 के उत्तर लगभग ***50 - 50*** शब्दों में लिखिए ।

11. संधि किसे कहते हैं ? इसके कितने प्रकार होते हैं ? सोदाहरण समझाइए । 4

12. तत्सम और तद्भव शब्दों की अलग-अलग परिभाषाएँ दीजिए और दोनों का अन्तर स्पष्ट कीजिए । । 4

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 13 से 17 तक के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य या शब्द-समूह या शब्द में लिखिए ।

13. जब शक्ति होती है, तब अभिमान हो जाता है । 1
उपर्युक्त मिश्रित वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए ।

14. गुरुजी के आने पर काम आरंभ हो गया । 1
उपर्युक्त सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए ।

15. द्वन्द्व समास का एक उदाहरण लिखिए । 1

16. 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए । 1

17. 'हाथ कंगन को आरसी क्या' – इस लोकोक्ति का वाक्य में प्रयोग कीजिए । 1

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 18 और 19 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

18. 'किसी को धोखा देना' शब्द समूह के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है ? 1
(क) कलेजा थाम लेना
(ख) आसमान पर थूकना
(ग) आँखों में धूल झोंकना
(घ) कीचड़ उछालना

19. 'दुहरटा लाभ होना' शब्द-समूह के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन-सी है ? 1
(क) एक पन्थ से दो काज
(ख) आम के आम गुठली के दाम
(ग) चोली दामन का साथ
(घ) एक और एक ग्यारह होना

## खण्ड – घ

### (साहित्य – 60 अंक)

### (पद्य : प्राचीन – 8 अंक और आधुनिक – 12 अंक)

20. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) रहिमन गली है सांकरी, दूजो न ठहराहिं।
आपु अहै तो हरि नहीं, हरि तो आपुन नाहिं ॥

*अथवा*

(ख) अब लौ नसानी अब न नसैहौं ।
राम कृपा भव-निसा सिरानी जागे फिर न डसैहौं ॥

21. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) वर्षा ऋतु की स्निग्ध भूमिका
प्रथम दिवस आषाढ़ मास का
देख गगन में श्याम घनघटा
विधुर यक्ष का मन जब उचटा ।

*अथवा*

(ख) यद भविष्य है यानी शब्दों की दुनिया में
आने की सहमति । तुमने पहली बार
बीते दिनों की यातना के खिलाफ
मुँह खोला है ।

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 22 का उत्तर ***40*** शब्दों में लिखिए।

22. 'बनजारे का गीत' कविता में निहित बनजारों के जीवन का स्पष्ट चित्रण कीजिए। 4

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 23 और 24 के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य में लिखिए।

23. तुलसीदास का आराध्य देव कौन है ? 1

24. 'फुटपाथ' कविता का मूल लेखक कौन है ? 1

## (गद्य – 25 अंक)

25. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) तूझे ऐसी जरा-सी बात का अब तक ख्याल होता है । तुझे तो खुश होना चाहिए कि उनके लिए एक रोज भूखे रहने का तूझे पुण्य मिला ।

*अथवा*

(ख) जीवन से उन्हें गहरा प्रेम है, पर महत्वाकांक्षा उनमें लगभग नहीं होती । जीवन के आस्वादों से विरत वे कदापि नहीं हैं, लेकिन उसके लिए किसी चीज पर लोभ वे नहीं करते ।

***निर्देश :*** प्रश्न-संख्या 26 और 27 के उत्तर लगभग ***40-40*** शब्दों में लिखिए ।

26. शगोल-काङ्जै कैसे विश्व-प्रसिद्ध खेल बन गया ? 4

27. एड्स के संचार को पूर्ण रूप से रोकने के लिए हमें क्या-क्या करनी चाहिए ? 4

***निर्देश :*** प्रश्न-संख्या 28 और 29 के उत्तर लगभग ***25-25*** शब्दों में लिखिए ।

28. असमीया लोक मानस में किसकी वीरता पैठी हुई है ? 2

29. किसको आधार मानकर मनुष्य को चार वर्गों में बाँटा जाता है ? उन्हें क्रम से लिखकर स्पष्ट कीजिए । 2

***निर्देश :*** प्रश्न-संख्या 30 से 33 तक के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य में लिखिए ।

30. 'साहित्यिक की मूर्तिपूजा' की रचनाकार का नाम लिखिए । 1

31. किसी जाति की पहचान किससे होती है ? 1

32. एड्स को मनुष्य का सबसे खतरनाक दुश्मन क्यों कहा जाता है ? 1

33. जुल्म को मिटाने के लिए कुछ जुल्म होगा ही ।
उपर्युक्त कथन का तात्पर्य क्या है ? 1

*निर्देश:* प्रश्न-संख्या 34 और 35 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

34. 'खोइ्-काइ्जै' खेल के दोनों पक्षों में कितने खिलाड़ी होते हैं ? 1

(क) नौ-नौ (ख) सात-सात

(ग) दस-दस (घ) आठ-आठ

35. कालिन्दीचरण के साथ कितने मित्र उनके घर आये ? 1

(क) चार (ख) दो

(ग) पाँच (घ) तीन

**(पूरक पाठ्य-पुस्तक – 15 अंक)**

36. (क) पठित पाठ के आधार पर मानव के लिए विज्ञान की देन पर एक लघु निबन्ध लिखिए। 7

*अथवा*

(ख) *रामायण* और *महाभारत* का भारतीय संस्कृति पर कौन-सा प्रभाव पड़ता है ?

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 37 और 38 के उत्तर लगभग ***50-50*** शब्दों में लिखिए।

37. मौर्य-संस्कृति की क्या-क्या विशेषताएँ हैं ? 4

38. दफ्तर के लोग विजयकृष्ण से क्यों असन्तुष्ट थे ? 4